आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 24.04.2024 समय 18.30

- **प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर चुनाव प्रचार आज शाम समाप्त–अंतिम दिन भाजपा, कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने प्रचार में पूरी ताकत लगायी।**
- **चुनाव के दूसरे चरण में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के 85 हजार से ज्यादा अधिकारियों और जवानों की तैनाती।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन के विषय को गंभीर बताया – इसके प्रभावों से निपटने के लिए वन संरक्षण की भूमिका पर जोर दिया।**
- **प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण गर्मी बढ़ी।**

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत 13 सीटों पर आज शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इनमें टोंक–सवाईमाधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाडमेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा तथा झालावाड़–बारां क्षेत्र शामिल हैं। इन लोकसभा क्षेत्रों में शुक्रवार को वोट डाले जायेंगे। इन सीटों पर कल सुबह से मतदान दल, मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो जायेंगे। आज अंतिम दिन भाजपा, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, तथा अन्य पार्टियों और निदर्लीय प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज विभिन्न स्थानों पर पार्टी के प्रचार कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने प्रतापगढ़ के धमोत्तर और केकडी में आयोजित जनसभा को और भीलवाड़ा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने आज जैसलमेर में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रोड़ शो किया। ये रोड़ शो गड़ीसर सरोवर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ हनुमान चौराहा पहुंचा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज भीलवाड़ा और सवाई माधोपुर में पार्टी प्रत्याशियों के लिए रोड़ शो किया। भाजपा के कई अन्य नेता भी चुनाव प्रचार में जुटे रहे। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने आज जालौर, सिरोही और जोधपुर में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में रोड़ शो किया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आज डूंगरपुर के चौरासी में जोधपुर के लूणी में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने बाड़मेर में रोड़ शो किया। पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने टोंक में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया तथा बूंदी में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी नुक्कड़ सभा की।

000

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजस्थान पुलिस बल के साथ केन्द्रीय सशस्त्र बलों की कम्पनियां और होमगाड्र्स के जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने बताया कि राजस्थान पुलिस के करीब 85 हजार अधिकारियों और जवानों के अलावा केन्द्रीय सशस्त्र बल और विशेष सशस्त्र बल की 175 कम्पनियाँ, राजस्थान शहरी–ग्रामीण होमगार्ड के 18 हजार 400 तथा बोर्डर होमगार्ड के 1600 जवानों को फील्ड में तैनात किया गया है।

श्री साहू ने कहा कि सभी मतदाता बिना किसी दबाव या प्रलोभन के निर्भय होकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र के पर्व में अपनी भूमिका सजगता से निभाएं। उन्होंने बताया कि इस चरण के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में 24 पुलिस जिलों के तहत 28 हजार 105 मतदान केन्द्र और 651 सहायक मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

000

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी जिलों में पुलिस और प्रशासन मुस्तैदी से जुटे हैं। आज शाहपुरा सहायक निर्वाचन अधिकारी निरमा विश्नोई और पुलिस उप अधीक्षक रमेश चंद्र तिवाडी की अगुवाई में शहर में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों को भयमुक्त मतदान के लिए प्रेरित किया। डीएसपी रमेश चंद्र तिवाडी ने बताया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नाकों पर हर व्यक्ति और वाहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि शराब तथा अन्य तस्करी को रोका जा सके।

000

प्रदेश में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। बाड़मेर में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने का संदेश दिया गया। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को उपलब्ध करवाई जाने वाली

सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। झालावाड के झालरापाटन में नगरपालिका की ओर से लोगो को अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। सवाईमाधोपुर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर खुशाल यादव की अध्यक्षता में आज व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 30 से अधिक विभिन्न प्रतिष्ठानों ने मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिये मतदान के बाद अंगुली पर स्याही का निशान दिखाने पर उपभोक्ता उत्पादों की खरीद में छूट का लाभ देने की घोषणा की है।

जोधपुर में मतदान के दिन मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर भीड़ की सही स्थिति की जानकारी देने के लिए सुगम्य पोर्टल तैयार किया गया है। शहरी क्षेत्रों– सरदारपुरा, जोधपुर और सूरसागर के मतदाता मतदान केन्द्र पर लम्बी कतारों से बच सकेंगे और उन्हें अपने घर बैठे ही अपने संबंधित बूथ पर कतार की स्थिति की जानकारी पोर्टल से मिल सकेगी। सुगम्य पोर्टल पर जाकर मतदाता को विधानसभा क्षेत्र और मतदान केन्द्र का चयन करना होगा और बूथ पर कतार की ताजा स्थिति दर्शायी जाएगी। यह सूचना हर 15 से 20 मिनट के अंतराल से अपडेट की जाएगी। बारां में मतदान प्रतिशत बढाने के लिए गांवों में वोट योद्धा लगाए गये हैं जो घर–घर जाकर मतदाताओं को लायेंगे वहीं हेला टोली भी बनाई गई है, जिनमें प्रत्येक टोली में 10 सदस्य हैं जो सुबह से मतदाताओं को बुलाएंगे।

000

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण वाले निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचन अधिकारी मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे है। डूंगरपुर जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह ने जिले में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान से संबंधित सभी व्यवस्थाओं कीजानकारी देते हुए लोगों से मतदान की अपील की है।

..................

वहीं जैसलमेर पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने भी मतदाताओं से भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्रों पर माकुल सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

000

लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरुकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। अब हम इस संदेश श्रृंखला में गांव–ढाणी या मोहल्ले में एक साथ चार–पांच लोगों यानि समूह में भेजे गये संदेशों को भी शामिल कर रहे हैं।

...................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जलवायु परिवर्तन के विषय को गंभीर बताते हुए इसके प्रभावों से निपटने के लिए वन संरक्षण की भूमिका पर जोर दिया है। राष्ट्रपति ने आज देहरादून के वन अनुसंधान संस्थान में भारतीय वन सेवा के प्रोबेशनरी अधिकारियों के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जाति जानबूझकर वनों के महत्व को भूलने की गलती कर रही है। उन्होंने कहा कि मनुष्य पृथ्वी के अमूल्य संसाधनों का मालिक नहीं बल्कि संरक्षक है।

........................

दीक्षांत समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के 2022–24 कोर्स के 99 प्रोबेशनर्स शामिल हुए। इनमें भूटान के दो प्रशिक्षु अधिकारी भी शामिल हैं।

**000**

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण गर्मी बढ़ने लगी है। पिछले 24 घंटों में पारा एक बार फिर 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया। बाड़मेर में सबसे ज्यादा 40 दशमलव 7 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया गया। अन्य पश्चिमी जिलों में भी पारा 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा । इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि कल भरतपुर, जयपुर संभागों में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इसी तरह शुक्रवार को कोटा, उदयपुर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

000

चूरु ज़िले के सालासर में हनुमान जयंती पर लगने वाला तीन दिन का मेला आज सुबह विशेष आरती के बाद सम्पन्न हो गया । इस बार देश के कोने कोने से दो लाख से अधिक श्रद्धालु मेले में पहुंचे और मन्दिर में दर्शन कर पूजा–अर्चना की। जिला प्रशासन ने मेले के मद्दे नजर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये व्यापक इंतजाम किये। उधर करौली जिले के श्री महावीर जी में आज भगवान महावीर के वार्षिक मेले में रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा को देखने के लिए देशभर से जैन धर्मावलम्बियों ने श्रीमहावीर जी पहुंचकर रथ में विराजी भगवान जैनेंद्र की प्रतिमा के दर्शन किये। शोभा यात्रा के साथ ही भगवान महावीर का मेला सम्पन्न हो गया।

000